*पंकज कुमार*
*आई०ए०एस०*
**प्रबन्ध निदेशक**

**उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड**
शक्ति भवन, **14**–अशोक मार्ग
लखनऊ –**226 001**
ई मेल–**mduppcl12@gmail.com**
**दूरभाष : 0522–2288377**

संख्या : /रेस्पो/क्वालिटी सेल दिनांकः नवम्बर, 2021

## कार्यालय ज्ञाप

संज्ञान में यह आया है कि विभिन्न वितरण कम्पनियों में जगह–जगह राजमार्ग चौड़ीकरण के कार्य हेतु राजमार्ग के किनारे स्थित विद्युत लाईनों को शिफ्ट करने हेतु सुपरविजन चार्ज के आधार पर प्राक्लन स्वीकृत किये जा रहे हैं। परन्तु क्षेत्रीय अधिकारियों के द्वारा नियमानुसार निर्माण कार्य का सुपरविजन न किये जाने के कारण, राष्ट्रीय राजमार्ग/राजकीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा लाईन/परिवर्तक आदि के शिफ्ट कराने हेतु नियुक्त कार्यदायी संस्थाओं के द्वारा अन्य स्थानों से उखाड़ी गई पुरानी सामग्री अथवा कतिपय निर्माता/आपूर्तीकर्ता के यहां से बिना विभागीय मानकों के अनुसार, बिना कोई सामग्री निरीक्षण कराये, सीधे निर्माता/आपूर्तीकर्ता से गुणवत्ताहीन सामग्री क्रय कर, नयी लाईन का निर्माण कार्य कराये जाने के दृष्टिगत् निम्नवत् निर्माण कार्य का अनुश्रवण कराया जाना आवश्यक है।

अतः एतद् द्वारा निम्नवत् यह आदेशित किया जाता है कि:–

1. राष्ट्रीय राजमार्ग/राजकीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा लाईन/परिवर्तक आदि के शिफ्ट कराने के कार्य में यह सुनिश्चित किया जाये कि विद्युत लाईन शिफ्टिंग के कार्य हेतु नयी विद्युत लाईन निर्माण कार्य में सिर्फ नई विद्युत सामग्री, विभागीय मानकों के अनुसार निर्धारित गुणवत्ता के निरीक्षणोंपरान्त ही प्रयोग किया जाना सुनिश्चित किया जाये।
2. यह सुनिश्चित किया जाय कि नयी विद्युत लाईन निर्माण कार्य में अन्य स्थान से उखाड़कर लाये गये खम्बों एवं उतारी गयी विद्युत सामग्री का कदापि पुनः प्रयोग नहीं किया जाये।
3. लाईन निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद नियमानुसार विद्युत सुरक्षा निदेशालय से अनापत्ति पत्र प्राप्त होने के बाद ही, नई लाईन का अधिग्रहण किया जाये।
4. पुरानी लाईन से उतारी गई लाईन सामग्री, विभागीय भण्डार केन्द्र में वापस जमा कराकर समुचित लेखा–जोखा रखा जाये।

(पंकज कुमार)
**प्रबन्ध निदेशक**

संख्या : 3798 /रेस्पो/ क्वालिटी सेल दिनांकः 09 नवम्बर, 2021

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. अध्यक्ष उ0प्र0पा0का0लि0 शक्ति भवन लखनऊ।
2. समस्त प्रबन्ध निदेशक, म0वि0वि0नि0लि0 लखनऊ, प0वि0वि0नि0लि0 मेरठ, पू0वि0वि0नि0लि0 वाराणसी, द0वि0वि0नि0लि0 आगरा एवं केस्को कानपुर।
3. मुख्य अभियन्ता, रेस्पो, उ0प्र0पा0का0लि0 शक्ति भवन लखनऊ।
4. अधिशासी अभियन्ता वेब साईट शक्ति भवन लखनऊ।
5. कट फाईल।

(पंकज कुमार)
**प्रबन्ध निदेशक**